20.01.25

Sr. No. 1

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

उपविषय - अनुच्छेद-लेखन

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका - कल्पना शर्मा

यह कार्य कक्षा - तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण, उपविषय-'अनुच्छेद-लेखन' से लिया गया है।

बच्चो! आज हम फिर से अनुच्छेद - लेखन के बारे में पढ़ेंगे। अनुच्छेद 'निबंध' का संक्षिप्त रूप है। आप पहले भी इस विषय के बारे में पढ़ चुके हैं। 'अनुच्छेद' द्वारा हम अपने विचारों, भावों तथा सुझावों को निश्चित शब्द सीमा में प्रभावशाली भाषा की सहायता से प्रकट करते हैं। अनुच्छेद अपने आप में स्वतंत्र और पूर्ण होते हैं।

अनुच्छेद लिखते समय हमें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- ☆ भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली होनी चाहिए ताकि पढ़ने वाला अनुच्छेद से प्रभावित हो सके।
- ☆ अपनी बात को कम से कम शब्दों में कहने का प्रयास करें।
- ☆ एक ही बात को बार - बार न दोहराएँ।
- ☆ शब्द सीमा को ध्यान में रखकर अनुच्छेद लिखें।
- ☆ वाक्य छोटे परन्तु अर्थपूर्ण होने चाहिए। अनावश्यक बातों को लिखने से बचें।

Sr. No. 2

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - अनुच्छेद लेखन

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

☆ अनुच्छेद लिखने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार कर लेनी चाहिए।

बच्चों, अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. अनुच्छेद किस का संक्षिप्त रूप होता है?

प्र०2. अनुच्छेद की भाषा कैसी होनी चाहिए?

बच्चों, आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर 1. अनुच्छेद निबंध का संक्षिप्त रूप होता है।

उत्तर 2. अनुच्छेद की भाषा सरल, स्पष्ट तथा प्रभावशाली होनी चाहिए।

सभी बच्चे उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए एक अनुच्छेद लिखेंगे। अनुच्छेद का शीर्षक है -

Sr. No. 3

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - अनुच्छेद - लेखन

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

## पेड़ों के लाभ

1) पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

2) वातावरण को साफ़ रखने में पेड़ हमारी मदद करते हैं।

3) पेड़ ऑक्सीजन गैस छोड़ते हैं।

4) हमारे देश में बरगद, आँवला तथा पीपल जैसे वृक्षों की पूजा की जाती है।

5) पेड़ों पर पक्षी अपना घोंसला बना कर रहते हैं।

6) यह वर्षा लाने में सहायक हैं।

7) पेड़ों से हमें लकड़ी, ईंधन तथा दवाइयाँ आदि मिलती हैं।

8) हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए।

9) हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

10) पेड़ हमारे सच्चे साथी और सहयोगी हैं।

(Last Page)